epaper
हिन्दुस्तान

आकाशवाणी से विशेष वार्ता में बोले मुख्यमंत्री, यूपी से होकर जाता है देश की सत्ता का रास्ता, पांच साल में सुरक्षा का माहौल बना

केंद्र की 50 योजनाओं में यूपी अव्वल: योगी

सीएम योगी ने सोमवार को गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के कुलाधिपति के रूप में बीएएमएस प्रथम बैच के विद्यार्थियों को संबोधित किया।

19/04/2022

लखनऊ,विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि केंद्र सरकार की जनकल्याण व विकास से जुड़ी करीब 50 योजनाओं में यूपी नंबर वन है। इन योजनाओं को जाति, मत, मजहब के भेदभाव के बिना लागू कर जनता को पूरी ईमानदारी से लाभान्वित किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत राज्य में 2.61 करोड़ व्यक्तिगत शौचालय उपलब्ध कराए गए। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है।

सीएम योगी सोमवार शाम आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 'उत्तर प्रदेश के विकास का सफर' विषय पर आकाशवाणी के साथ विशेष वार्ता में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह सर्वविदित है कि देश की सत्ता का मार्ग उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। यह भी सच है कि भारत की शक्ति व समृद्धि के लिए उत्तर प्रदेश का सर्वांगीण विकास जरूरी है।

प्रदेश में विगत पांच सालों में सुरक्षा व सुशासन नींव तैयार हुई है। इसी नींव पर आगामी पांच सालों में प्रगति व समृद्धि की भव्य इमारत तैयार होगी। यह नया यूपी प्रधानमंत्री के नए भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा।

उपलब्धि

दुनिया विश्व शांति के लिए मोदी की ओर देख रही

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि दुनिया आज विश्व शांति के लिए भारत और उसके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर देख रही है। दुनिया ने जहां महामारी कोरोना के दौरान भारत के प्रबंध और कौशल का लोहा माना है। वहीं आज जब दुनिया शांति की बात करती है तो वह प्रधानमंत्री मोदी की ओर देख रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को एक समाचार एजेंसी के 75वें वर्ष में प्रवेश के मौके पर बोल रहे थे।

यूपी को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने को योजनाबद्ध ढंग से हो रहे कार्य: मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की अर्थव्यस्था के पांच ट्रिलियन डालर के लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रदेश का आर्थिक विकास जरूरी है। इसलिए वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर बनाने के लक्ष्य के साथ योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से यूपी निरंतर सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है। राज्य में प्रत्येक क्षेत्र में संचालित विकासपरक गतिविधियों से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की छवि में सकारात्मक बदलाव आया है।